Krishi Vigyan Kendra Kaushambi

World Soil Day

5th December 2023

S. No.	Name of the Institute	Number of participants attended		No. of soil health cards distributed to farmers	No of VIPs attended	Name of prominent VIPs (MP/MLAs etc) attended
		Total participants	Farmers attended			
1	KVK Kaushambi	145	136	28	2	Shri Brijesh Kesharwani, Mandal Adhyaksh BJP; Shri Khiladi Village Pradhan

कृषि विज्ञान केंद्र, कौशांबी द्वारा ग्राम बारातफारीक,सिराथू मे विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया गया।उक्त अवसर पर श्री इन्द्रजीत यादव, पी.पी.ओ,ए.डी.ओ आई एस बी,सिराथू,इफ्को प्रतिनिधि,कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक,बी टी एम सहित कृषि विज्ञान केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक डा. मनोज कुमार सिंह, कार्यक्रम सहायक(मृदा-विज्ञान) श्री शेषनाथ यादव, ग्राम प्रधान श्री खिलाड़ी, बृजेश केसरवानी, मुकेश जायसवाल आदि उपस्थित रहे। मृदा वैज्ञानिक डा. मनोज कुमार सिंह ने उपस्थित प्रतिभागियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 5 दिसंबर को 'विश्व मृदा दिवस', बढती हुई जनसंख्या एवं रासायनिक उर्वरक के असंतुलित प्रयोग की वजह से मिट्टी की भौतिक एवं रासायनिक संरचना मे परिवर्तन को रोकने, एवं लोगों को उपजाऊ मिट्टी के बारे में जागरूक करने तथा संसाधन के रूप में मिट्टी के स्थायी प्रबंधन की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।कृषि में मिट्टी का एक विशिष्ट स्थान है,अगर किसानों के खेतों में फसलों के मुताबिक मिट्टी न हो, तो फसलों का अच्छा उत्पादन नहीं मिल पाता है। इसलिए मिट्टी का संरक्षण आवश्यक है,कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डा.मनोज कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष विश्व मृदा दिवस 2023 की थीम - "मिट्टी और पानी, जीवन का स्रोत है "।मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को अपने खेत की मिट्टी के अनुसार फसल लगाने एवं संस्तुत उर्वरक प्रयोग के बारे जानकारी देता है,जिससे उपज अधिक एवं मिट्टी की उर्वरा शक्ति संरक्षित रहती है।उक्त अवसर पर पी पी ओ इन्द्रजीत यादव ने आह्वान किया कि आज के दिवस पर हम यह प्रण करे,कि अपने खेतो मे मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर उर्वरक प्रयोग एवं अपने खेतो मे कम्पोस्ट खाद का प्रयोग ज्यादा करेंगे,जिससे खेती कि लागत कम होने के साथ-साथ मुनाफा ज्यादा हो सके।कार्यक्रम सहायक शेषनाथ यादव ने माटी की जांच के लिए नमूने लेने की तकनीक के विषय मे जानकारी प्रदान की।उक्त अवसर कृषि विभाग के अनुराग,मुकीम आदि ने कृषि विभाग की योजनाओ पर प्रकाश डाला।उक्त अवसर ग्राम प्रधान एवं ए डी ओ आई एस बी ने लाभार्थियो को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया।इफ्को प्रतिनिधि के पी मौर्य ने नैनो उर्वरक, नैनो यूरिया,डी ए पी के प्रयोग से होने वाले लाभ के विषय मे बताया।